हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 3 मई 2024

भजनों और गीतों से लोगों से मतदान करने का आह्वान 12



वेयांश और सक्षम मिस्टर फ्रेशर और वर्णिका व ईशानप्रीत बनी मिस फ्रेशर 12



## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय यज्ञ दिवस पर कार्यक्रम आज

**फतेहाबाद।** आर्य समाज फतेहाबाद द्वारा अंतरराष्ट्रीय यज्ञ दिवस पर फतेहाबाद में विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में 3 मई शुक्रवार को प्रातः 8 बजे सुन्दर नगर स्थित आर्य समाज भवन में यज्ञ एवं सत्संग कार्यक्रम होगा। यह जानकारी देते हुए आर्य समाज फतेहाबाद के प्रधान अरूण ग्रोवर आर्य ने बताया कि इस यज्ञ में आर्य समाज के अनेक गणमान्य लोग सपरिवार भाग लेंगे और यज्ञ में आहूति डालेंगे। उन्होंने बताया कि इस यज्ञ में पुरोहित दीपक शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चारण किया जाएगा।

### जिले से विवाहिता सहित दो लोग लापता, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** जिले से एक विवाहिता सहित दो लोगों के लापता होने का समाचार है। इस बारे भूना पुलिस को दी शिकायत में गांव बैजलपुर निवासी एक युवक ने कहा है कि उसकी शादी करीब एक साल पहले हुई थी। उसकी पत्नी दिमागी तौर पर थोड़ी भोली है। गत दिवस वह मजदूरी का काम करने चला गया था। उसकी मां, बहन व पत्नी घर पर काम कर रही थी। दोपहर करीब 11 बजे उसकी पत्नी बिना बताए घर से चली गई और वापस नहीं लौटी। इस पर उन्होंने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब उसका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में भूना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### टोहाना बस स्टैंड से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने टोहाना बस स्टैण्ड के बाहर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में टोहाना के गांव लल्लूवाल निवासी सतपाल सिंह ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से टोहाना आया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को बस स्टैंड के बाहर खड़ा किया और काम पर चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर पहले उसने आसपास काफी तलाश की लेकिन जब मोटरसाइकिल बारे कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### युवक 635 ग्राम अफीम के साथ काबू

**सिरसा।** रानियां पुलिस ने गश्त के दौरान थेहड़ी मोहर सिंह क्षेत्र से एक युवक को 635 ग्राम अफीम के साथ काबू किया है। थाना प्रभारी राजवीर सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान थेहड़ी मोहर सिंह क्षेत्र में घग्गर पुल के समीप मौजूद थी। इसी दौरान एक युवक ने सामने पुलिस पार्टी को देखकर मौके से खिसकने का प्रयास किया।

### धमकी देने के चार आरोपी काबू

**ओढां।** पुलिस ने मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ओढां थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि 20 मार्च 2024 को लखविंद्र सिंह पुत्र मोहर सिंह निवासी सालमखेड़ा की शिकायत पर उसका रास्ता रोककर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने पर मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने जांच के दौरान चार युवकों को गिरफ्तार किया।

### इनेलो प्रत्याशी कल भरेंगे नामांकन

**सिरसा।** सिरसा संसदीय क्षेत्र से इनेलो प्रत्याशी संदीप लोट 4 मई को दोपहर 12.15 बजे लघु सचिवालय में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। उनके साथ इस अवसर पर इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला भी मौजूद रहेंगे।

साइबर ठगी से बचने को लेकर चलाए जा रहे अभियान के बावजूद जागरूकता के अभाव में लोग साइबर ठगी का शिकार हो रहे

# साइबर क्राइम का बढ़ता खौफ, फतेहाबाद में साइबर ठगी की एक ही दिन में 14 एफआईआर दर्ज होने का बना रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले में साइबर ठगी के एक ही दिन में 14 मामले दर्ज होने का रिकार्ड बना है। पुलिस द्वारा साइबर ठगी से बचने को लेकर चलाए जा रहे अभियान के बावजूद जागरूकता के अभाव में लोग साइबर ठगी का शिकार हो रहे है। इन 14 मामलों में ठगी का शिकार होने वालों में टीचर, भारतीय सेना के रिटायर्ड कर्मचारी, दुकान और किसान शामिल हैं। इन सभी मामलों में जिला फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। यह तो वह मामले है जो पुलिस तक जा पहुंचे है। दर्जनों मामले ऐसे हैं जो अभी तक पुलिस तक नहीं पहुंचे या जिनकी जांच चल रही है।

### केस 11 : घायल बेटे के उपचार के नाम पर 25 हजार हड़पे

गांव बुर्ज में एक व्यक्ति से साइबर ठग ने बेटे का इलाज करवाने के नाम पर 25 हजार रुपये हड़प लिए। इस बारे पीड़ित युवक ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। थाना सदर रतिया पुलिस को दी शिकायत में गांव बुर्ज निवासी मेजर सिंह ने कहा है कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। 25 फरवरी को उसके पास शाम को फोन आया। फोन करने वाले की आवाज उसे अपने दोस्त हरिओम निवासी हांसी जैसी लगी तो उसने पूछा कि क्या वह हरिओम बोल रहा है। फोन करने वाले ने भी खुद को हरिओम बताया और कहा कि उसके बेटे का एक्सीडेंट हो गया है और वह अस्पताल में एडमिट है। उसने लड़के के इलाज के लिए 25 हजार रुपये की मदद मांगी। मेजर सिंह ने कहा कि उसकी बातों में आकर उसने 25 हजार रुपये बताए गए नंबरों पर ट्रांसफर कर दिए।



### केस 10 : लालच पड़ा महंगा, लाइक के चक्कर में 37 हजार का लगा चूना

थाना सदर फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में गांव सालमखेडा निवासी हरजिन्द्र प्रताप सिंह ने कहा है कि उसका अग्रोहा में गेट बनाने का काम है। 30 अप्रैल को उसके व्हाटसअप पर एक लिंक आया। जब उसने उक्त लिंक पर क्लिक गया तो एक मोबाइल नंबर ने उसे लालच दिया कि वह दिए गए लिंक को लाइक करे और उसे प्रत्येक लाइक पर 100 रुपये मिलेंगे। इस पर वह लालच में आ गया और लाइक करना शुरू कर दिया। इसके बाद कुसुम नाम से टेलीग्राम द्वारा उसे दो अकाऊंट नंबर दिए गए। उसने कोटक महेन्द्रा बैंक के अकाऊंट में 7 हजार व एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में 30 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

### क्यूआर कोड स्कैन करते ही खाते से 60 हजार गायब

गांव मढ़ में एक व्यक्ति द्वारा क्यूआर कोड के स्कैन करते ही उसके बैंक खाते से करीब 60 हजार रुपये गायब हो गए। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में ढाणी मढ़, नागपुर रोड निवासी सुधीर कुमार ने कहा है कि उसका व उसकी पत्नी का पंजाब नेशनल बैंक नागपुर व ग्रामीण बैंक दरियापुर में खाता है। उसके मोबाइल पर एक नंबर से क्यूआर कोड आया। इस पर एक युवक ने उसे फोन कर क्यूआर कोड स्कैन करने के लिए कहा। जैसे ही उसके उक्त क्यूआर कोड को स्कैन किया तो उसके बैंक खातों से कुल 59 हजार 995 रुपये कट गए। इस पर उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला। इस पर पीड़ित व्यक्ति ने पहले ऑनलाइन और बाद में पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने इस बारे धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है।

### केस 13 : टास्क पूरा कर प्रोफिट का लालच देकर हजारों रुपये हड़पे

ऑनलाइन टास्क पूरा कर प्रोफिट कमाने का लालच देकर लाली के एक युवक ने अज्ञात ठगों ने 49500 रुपये हड़प लिए। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव लाली निवासी कपिल ने कहा है कि उसका एसबीआई बैंक और सैंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में खाता है। 31 दिसम्बर 2023 को उसके पास व्हाटसअप पर एक मैसेज आया। मैसेज भेजने वाले ने उसे ऑनलाइन इंस्टाग्राम अकाऊंटस को फॉलो और सब्सक्राइब करने का काम दिया। उसके टास्क पूरे करने पर उसे 600 रुपये दिए। बाद में उसने उसे एक ओर टास्क पूरा करने के लिए कहा।

### केस 1: पुजारी के खाते से 18 हजार रुपये चुराये

शिकायत में मध्यप्रदेश के सतना जिले के रहने वाले सजीव द्विवेदी ने कहा है कि वह अब भट्टू मंडी की विश्वकर्मा कालोनी में रहता है और यहां विश्वकर्मा मंदिर में पूजा पाठ का काम करता है। 15 जनवरी को उसने भारतीय स्टेट बैंक भट्टू मंडी के पास सुविधा केन्द्र से आधार कार्ड के माध्यम से अपने खाते से 18 हजार रुपये निकाले थे। इसके बाद 6 फरवरी को उसने बैंक से अपनी कॉपी पूरी करवाई तो उसे पता चला कि 16 जनवरी को उसके खाते से 18 हजार रुपये निकाले गए हैं।

### केस 2: भूना में अध्यापिका से ठगों ने 25 हजार रुपये की ठगी की

भूना में एक अध्यापिका साइबर ठगी का शिकार हो गई। अज्ञात व्यक्ति ने अध्यापिका से 25 हजार रुपये ठग लिए। इस बारे नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दी शिकायत में वार्ड नं. 7 भूना निवासी ज्योति ने कहा है किवह प्राइवेट स्कूल में अध्यापक है। 11 नवम्बर 2023 को उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति ने फोन किया और कहा कि आपके पिता ने आपके नंबर पर 5 हजार रुपये डलवाए थे लेकिन मेरे से गलती से 50 हजार रुपये डल गए है।

### केस 3: टिब्बी में मोबाइल दुकानदार से युवक ने 12 हजार ठगे

गांव टिब्बी में एक मोबाइल दुकानदार से अज्ञात युवक 12 हजार रुपये ठगकर ले गया। युवक ने पहले उससे एक खाते में पैसे ट्रांसफर करवाए और बाद में बिना पैसे दिए फरार हो गया। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दी शिकायत में गांव टिब्बी निवासी राजेश ने कहा है कि उसकी गांव के ही बस अड्डे पर मोबाइल की दुकान है। 6 नवम्बर 2023 को जब वह दुकान पर बैठा था तो इसी दौरान एक युवक उसके पास आया और कहा कि उसने किस्त भरनी है।

### केस 4: पुलिस कर्मचारी बन डेयरी मालिक से 20 हजार ठगे

स्वयं को सीआईए स्टाफ का पुलिस कर्मचारी बताकर एक ठग ने डेयरी मालिक से 20 हजार ठग लिए। पुलिस कर्मचारी बने युवक ने डेयरी मालिक के लड़के के एक केस में फंसने और उसे छोड़ने के नाम पर 50 हजार की डिमांड रखी और 20 हजार ले भी लिए। इसी दौरान लड़के का फोन आने पर 30 हजार रुपये बच गए। शिकायत में सुनील ने कहा है कि उसकी गांव बीघड़ में दूध डेयरी है जबकि उसका लड़का कर्मपाल हिसार में रहकर सीएस की पढ़ाई कर रहा है।

### केस 5: भारतीय सेना के रिटायर्ड सूबेदार से 40 हजार ठगे

बैंक लोन की किस्त भरने के नाम पर भारतीय सेना से रिटायर्ड सूबेदार ठगी का शिकार हो गए। एक युवक ने बैंक कर्मचारी बनकर उसके एटीएम की डिटेल ली और उसके खाते से 40 हजार रुपये निकाल लिए। पुलिस को दी शिकायत में अशोक नगर फतेहाबाद निवासी महाबीर प्रसाद ने कहा है कि वह भारतीय सेना से सूबेदार के पद से रिटायर्ड है। उसके लड़के बलराज सिंह ने इंडियन बैंक से लोन ले रखा है। उसने जनवरी 2024 की किस्त भरनी थी। इसके लिए उसने 2 फरवरी 2024 को इंडियन बैंक का हैल्पलाइन नंबर गुगल पर सर्च किया तो तुरंत ही उसके लड़के के मोबाइल पर एक फोन आया। फोन करने वाले ने स्वयं को इंडियन बैंक का कर्मचारी बताया और कहा कि उसने लोन की किस्त भरनी है तो वह अपने एटीएम कार्ड की डिटेल दे।

### केस 6: एमबीबीएस कर रहे युवक के पिता को 55 हजार का लगाया चूना

एमबीबीसी की पढ़ाई कर रहे रतिया के एक युवक के पिता को साइबर ठगों ने 55 हजार रुपये का चूना लगा दिया। इस बारे रतिया पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नं. 6 रतिया निवासी मनोज कुमार ने कहा है कि उसका लड़का डेनिश चम्बा मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई करता है। 1 मई 2024 को उसके व्हाटसअप पर एक फोन आया। फोन करने वाले ने उसे उसके बच्चे का झूठा झांसा देकर 70 हजार रुपये की मांग की। उसने घबराहट में आकर बताए गए नंबर पर 55 हजार रुपये डलाव दिए। इसके बाद जब उसने अपने बेटे से बात की तो उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला। इस पर उसने इस बारे पुलिस को सूचना दी। रतिया पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### केस 7: जाखल में दुकानदार हुआ साइबर ठगी का शिकार

*जाखल में एक दुकानदार साइबर ठगी का शिकार हो गया। अज्ञात युवक ने उसके क्रेडिट कार्ड से 20 हजार 560 रुपये की ठगी कर ली। जाखल पुलिस को दी शिकायत में मास्टर कालोनी जाखल निवासी साहिल गर्ग ने कहा है कि उसकी जिंदल रोड पर रेडिमेड कपड़ों की दुकान है। 23 अप्रैल 2024 को उसके क्रेडिट कार्ड से मोबिकविक ऐप के माध्यम से 20 हजार 560 रुपये का फ्रॉड हुआ है। जब उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। जाखल पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।*

### केस 8: क्रेडिट कार्ड के नाम पर युवक से हजारों रुपये ठगे

गांव धांगड़ में क्रेडिट कार्ड के नाम पर एक युवक से हजारों रुपये ठगने का मामला सामने आया है। इस बारे पीड़ित युवक ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। थाना सदर फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में गांव धांगड़ निवासी शिव कुमार ने कहा है कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। कुछ दिन पहले एसबीआई बैंक से कर्मचारी उसके गांव में आए थे। उसने एसबीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड का फार्म भरा और क्रेडिट कार्ड उसके घर आ गया था। इस पर उसने क्रेडिट कार्ड प्रोटेक्शन की स्कीम लगा दी थी।

### केस 14 : मेडिकल स्टोर संचालक से 41 हजार रुपये ठगे

गांव समैण में एक मेडिकल स्टोर संचालक से अज्ञात ठगों ने 41 हजार रुपये ठग लिए। इस बारे सदर टोहाना पुलिस को दी शिकायत में गांव समैण निवासी हिम्मत सिंह ने कहा है कि उसका गांव में ही बस अड्डे पर मेडिकल स्टोर है। 4 जनवरी को अज्ञात व्यक्ति ने उसे फोन किया और अपनी बातों में फंसाकर व झूठ बोलकर उससे 41 हजार रुपये की ट्रांसजैक्शन कराव ली। बाद में जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने इस बारे पुलिस को सूचना दी।

## सिरसा के सर्वांगीण विकास को जेजेपी को बनाएं सफल

**सिरसा।** जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने वीरवार को सिरसा संसदीय सीट से जेजेपी प्रत्याशी रमेश खटक के समर्थन में सिरसा हलके के विभिन्न गांवों का तुफानी दौरा किया और जेजेपी को सफल बनाने की अपील की। गांव नहराणा के पूर्व सरपंच जयसिंह सहु के आवास पर उपस्थित ग्रामीणों को जेजेपी प्रत्याशी रमेश खटक को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की अपील करते हुए चौटाला ने कहा कि पंचायतीराज प्रणाली में महिलाओं के सशक्तिकरण, महिलाओं को रोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाते हुए राशन डिपुओं में 33 फीसदी आरक्षण, युवाओं को हरियाणा के निजी उद्योगों में 75 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की प्लानिंग करना, ग्रामीणांचल की युवतियों को शहर में स्थापित शिक्षण संस्थाओं तक लाने ले जाने के लिए बसों की निशुल्क व्यवस्था, गांवों में युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जिम की व्यवस्था व युवाओं के लिए ई-लाइब्रेरी की स्थापना की।

## लाखों की साइबर ठगी में फाइनेंस बैंक ब्रांच मैनेजर गिरफ्तार

■ आरोपी की पहचान कपिल तिवारी पुत्र दयाशंकर निवासी शुक्लागंज, गंगा घाट जिला उन्नाव, उत्तरप्रदेश के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शहर के हुडा सेक्टर के एक व्यक्ति से टेलीग्राम के माध्यम से टास्क पूरा करने के नाम पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर 5 लाख 84 हजार 269 रुपए की ठगी करने के मामले में महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन की टीम ने घटना में संलिप्त चौथे आरोपी जना समाल फाइनेंस बैंक साउथ दिल्ली ब्रांच में कार्यरत बैंक मैनेजर को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान कपिल तिवारी पुत्र दयाशंकर निवासी शुक्लागंज, गंगा घाट जिला उन्नाव, उत्तरप्रदेश के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी कपिल तिवारी को सिरसा अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। उन्होंने बताया कि रिमांड अवधि के दौरान इस साइबर ठगी से जुड़े मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी हासिल कर उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस घटना के तीन आरोपियों जितेंद्र कुमार निवासी नागौर, राजस्थान, सुखदेव व लक्ष्मण निवासी जोधपुर, राजस्थान को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किया गया फाइनेंस बैंक ब्रांच मैनेजर कपिल तिवारी बीए पास है और पिछले करीब 8 साल से विभिन्न प्राइवेट बैंकों में करंट अकाउंट होल्डर का कार्य करता है। इससे पूर्व आरोपी कपिल तिवारी यस बैंक तथा एक्सिस बैंक में भी नौकरी कर चुका है। उन्होंने बताया कि पुलिस पूछताछ में अब तक सामने आया है कि बैंक कर्मचारी कपिल तिवारी साइबर ठगों से सांठगांठ कर उनके विभिन्न बैंकों में खाता खुलवाने के नाम पर करीब 50 हजार रुपए की रकम वसूल करता था। उन्होंने बताया कि इस संबंध में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, सिरसा में विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत ठगी का मामला दर्ज कर थाना प्रभारी जसवीर सिंह की नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने जांच शुरू की थी। उन्होंने बताया कि साइबर ठगों ने पवन कुमार सेक्टर 19 हुडा, सिरसा निवासी को दो फरवरी से 5 फरवरी 2024 की अवधि के दौरान टेलीग्राम के माध्यम से जोड़कर उन्हें टास्क पूरा करने के नाम पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर 5 लाख 84 हजार 269 रुपए की ठगी की थी।



सिरसा। पकड़ा गया फाइनेंस बैंक ब्रांच मैनेजर पुलिस की गिरफ्त में।

## हरियाणा कमेटी ने धर्म प्रचार के लिए सिरसा में खोला कार्यालय



धर्म प्रचार कार्यालय का उद्घाटन करते हुए जत्थेदार भूपेंद्र सिंह असंध व अन्य।

**सिरसा।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपेंद्र सिंह असंध व धर्म प्रचार के चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल सिरसा पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने गुरुद्वारा श्री चिल्ला साहिब में धर्म प्रचार कार्यालय का उद्घाटन भी किया। पत्रकारों से बातचीत में जत्थेदार भूपेंद्र सिंह असंध ने कहा कि धर्म प्रचार का कार्यालय खोला गया है। उन्होंने कहा कि धर्म प्रचार की जिम्मेदारी हरियाणा कमेटी द्वारा जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल को सौंपी गई है। हरियाणा कमेटी के अंतर्गत आने वाले स्कूलों में अमृतधारी सिखों के बच्चों की फीस माफ होगी, जबकि कॉलेज में पढ़ाई के लिए वजीफा दिया जाएगा। सिख धर्म का पूरा प्रचार होगा। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे आयोजन किए जाते है, ताकि सिख धर्म के बारे में विस्तृत चर्चा हो। शीघ्र ही जींद व पंचकूला में भी धर्म प्रचार का कार्यालय खोला जाएगा। धर्म प्रचार चेयरमैन जत्थेदार दादूवाल ने कहा कि सिख धर्म में बड़ी बड़ी कुर्बानियां हुई है। अब हम चाहते है कि इसके बारे में अधिक से अधिक प्रचार हो। गुरुद्वारों की देखरेख का प्रबंध पहले शिरोमणि कमेटी के पास था, लेकिन अब हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पास है। इसलिए कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए अब धर्म प्रचार उप कार्यालय खोला गया है।

## बठिंडा से दिल्ली ले जाई जा रही थी शराब की खेप, 40 लाख की 7800 बोतलें बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिलाभर में मादक पदाथार्ें एवं शराब तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए जिला पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए डिंग थाना के गांव मोरीवाला क्षेत्र में ट्रक में भरकर अवैध रुप से ले जाई जा रही ऑल सीजंस मार्का अंग्रेजी शराब का जखीरा बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि काबू किए गए आरोपी की पहचान विशाल पुत्र पप्पू राम निवासी बरवाला, जिला हिसार के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत डिंग थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी को अब अदालत में पेश कर रिमांड हासिल किया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान अवैध शराब तस्करी से जुड़े अन्य लोगों के बारे में नाम पता मालूम कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक भूषण ने बताया कि बरामद की गई 7800 शराब की बोतलों की स्थानीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपए है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए जिला पुलिस की और से साथ लगती पंजाब व राजस्थान सीमाओं तथा जिला के अंदर कुल 32 नाके लगाए गए हैं।



सिरसा। पुलिस द्वारा पकड़ा गया शराब से लदा ट्रक।

कार्यक्रम | इतिहास विषय में कमाल करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

## मैरिट लाने वाले छात्रों को चांदी का सिक्का देकर किया सम्मानित

■ सरकारी स्कूल के शिक्षक की अनोखी पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

टोहाना खंड के गांव ललौदा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत इतिहास विषय के प्रवक्ता धनेन्द्र गिल ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए एक अनोखी पहल की है। सत्र शुरु होने से पहले उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि कोई भी विद्यार्थी अगर उनके विषय में मैरिट लाता है तो वे उसे चांदी का सिक्का देकर सम्मानित करेंगे। इसी कड़ी में हाल ही में घोषित हुए परिणाम में इतिहास विषय में मैरिट लाने वाले होनहार विद्यार्थियों को चांदी के सिक्के भेंट कर सम्मानित किया गया। इतिहास प्रवक्ता धनेन्द्र गिल ने बताया कि गत दिनों हरियाणा शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में ललौदा के सरकारी स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इतिहास विषय में मैरिट लाने वाले 10 विद्यार्थियों को चांदी के सिक्के देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि पिछले सत्र की शुरूआत में ही विद्यार्थियों को 12वीं की वार्षिक परीक्षा में इतिहास विषय में 80 प्रतिशत से अधिक अंक आने पर चांदी का सिक्का ईनाम के रूप में देने का वायदा किया था। इस कसौटी पर विद्यालय के 10 छात्र-छात्राएं खरे उतरे और ईनाम के भागीदार बने। वीरवार को प्रार्थना सभा में इन होनहार विद्यार्थियों को चांदी के सिक्के भेंट किए। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में 7 छात्राएं रीना, ज्योति, मुन्नी, शबनम, पिंकी, हरमनजीत कौर, गुरूप्रीत कौर तथा 3 छात्र सतीश, निर्मल और करण शामिल थे। इस अवसर पर प्रिंसीपल सत्यवान घणघस ने होनहार विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी इतिहास विषय में मेरिट लाने वाले 4 विद्यार्थियों को इतिहास प्रवक्ता ने चांदी के सिक्के देकर सम्मानित किया था। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ धर्मवीर, धनेन्द्र गिल,




फतेहाबाद। ललौदा के सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों को सम्मानित करते इतिहास विभाग के प्रवक्ता धनेन्द्र गिल।

स्पेशल : वर्ल्ड लाफ्टर डे, 5 मई

मुंह लटकाए बैठे लोग किसी को पसंद नहीं आते, बोरिंग लगते हैं। वहीं हमेशा हंसने वाले खुशमिजाज लोग सबको खूब भाते हैं। हंसना स्वास्थ्य के लिए भी बहुत जरूरी है। हंसने के क्या-क्या फायदे हैं, हम कैसे हंसते रहें, जानो।

# हंसो क्योंकि हंसना जरूरी है!



ऑकेजन / अनुराग मनींद्र

मुनमुन को गुमसुम, उदास देखकर मोनू ने पूछा, 'अच्छा सुनो मुनमुन, तीन दोस्त 'चुप', 'गुमसुम' और 'हाहाहा' पार्क में खेल रहे थे। थोड़ी देर बाद चुप और गुमसुम अपने-अपने घर चले गए। बताओ, पार्क में कौन बचा?'

'नहीं बताना!' मुनमुन दूसरी ओर मुंह फेरकर बोली।

मोनू ने कई बार अपना सवाल दोहराया। आखिर मुनमुन को जवाब देना ही पड़ा, 'हाहाहा..।'

मोनू ने फिर पूछा, 'कौन बचा?'

मुनमुन ने दोहराया, 'हाहाहा।'

जब मुनमुन को मोनू की चालाकी समझ में आई, तो वह खिलखिलाकर हंस पड़ी। मुनमुन को हंसता देखकर मोनू हंसते हुए बोला, 'यह हुई न बात!'

दरअसल, उदास बैठी मुनमुन को हंसाने के लिए ही मोनू ने इस तरह सवाल किया था।

## लाफ्टर इज द बेस्ट मेडिसिन

बच्चों, हंसी का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। हंसने-हंसाने वाले खुशमिजाज लोग हर किसी को पसंद आते हैं। वहीं चिड़चिड़े और बात-बात पर गुस्सा करने वाले तुनकमिजाज लोगों को कोई पसंद नहीं करता। 'लाफ्टर इज द बेस्ट मेडिसिन' यह कहावत तो बच्चों तुमने जरूर सुनी होगी। हंसना हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। बच्चों, हंसी के एक नहीं बहुत से फायदे हैं, तुम्हें भी मालूम होना चाहिए।

## बढ़ता है ऑक्सीजन लेवल

जब हम खुलकर हंसते हैं तो हमारे शरीर के कई सारे अंग एक साथ सक्रिय हो उठते हैं। हंसने से हमारा ब्लड सर्कुलेशन रेग्युलेट होता है, साथ ही इससे हमारे शरीर का ऑक्सीजन लेवल भी बढ़ता है। इसका असर हमारी स्किन पर भी पड़ता है। अकसर देखा गया है, जो लोग हंसते-मुस्कुराते रहते हैं, उनकी स्किन भी दमकती रहती है। ऐसे लोगों के चेहरे पर एक अलग ही आभा दिखती है।



## रिलीज होता है 'हैप्पी हार्मोन'

जब हम खुश रहते हैं, हंसते-मुस्कुराते हैं, तो हमारे शरीर में डोपामाइन, एंडोर्फिन, सिरोटोनिन, ऑक्सीटोसिन जैसे हार्मोंस रिलीज होते हैं। इन्हें 'हैप्पी हार्मोंस' या 'फील गुड हार्मोंस' भी कहते हैं। ये हार्मोंस हमारे गुस्से को कम करते हैं, तनाव यानी टेंशन कम करते हैं, हमारा मूड अच्छा रखते हैं, साथ ही हमें पॉजिटिव एंड हैप्पी रखते हैं।

## बढ़ती है इम्यूनिटी

जब हम खुलकर हंसते हैं, तो हमारे शरीर के कई हिस्सों, जैसे- मस्तिष्क, हृदय, हड्डियों और मांसपेशियों में नए सेल्स बनते हैं। इससे हमें फिट एंड एक्टिव रहने में मदद मिलती है। साथ ही इससे हमारी इम्यूनिटी भी स्ट्रॉन्ग होती है, जिससे बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है।

## और भी हैं कई फायदे

बच्चों, हंसने के और भी कई फायदे हैं। अगर तुम हमेशा खुश और हंसते-मुस्कुराते रहोगे, तो सभी तुम्हें पसंद करेंगे। हर कोई तुमसे मिलना, बातें करना और तुम्हारे साथ समय बिताना चाहेगा। खुश रहने से पढ़ाई में तुम्हारा कंसंट्रेशन बढ़ेगा, इस कारण तुम अपने लेसन को जल्दी और आसानी से समझ पाओगे। इससे तुम्हारा कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। हंसने-मुस्कुराने और खुश रहने की आदत आगे चलकर तुम्हारे करियर ग्रोथ में भी हेल्पफुल होगी।

बच्चों, जब हंसने-मुस्कुराने के इतने सारे फायदे हैं, तो भला कौन हंसना नहीं चाहेगा, इसलिए खुद खुलकर हंसो और दूसरों को भी हंसाओ। *

### हंसने और खुश रहने के लिए ये करो

देखा जाए तो खुश रहने के लिए किसी खास वजह की जरूरत नहीं होती। जो लोग स्वभाव से जिंदादिल और खुशमिजाज होते हैं, वे हर हाल में खुश रहते हैं, हंसते-मुस्कुराते रहते हैं। बच्चों, तुम भी हंसी और खुशमिजाजी को अपने स्वभाव का हिस्सा बनाओ। वैसे, हंसने के कई माध्यम और तरीके हैं, जिन्हें अपनाकर तुम खुलकर हंस सकते हो।




- मजेदार जोक्स पढ़ो। इसे अपने दोस्तों के साथ शेयर करो। उनसे भी बोलो कि वे तुम्हारे साथ हंसाने वाले जोक्स शेयर करें।
- अच्छे लाफ्टर शोज देखो। अच्छी कॉमेडी फिल्में देखो। हंसाने- गुदगुदाने वाले कार्टून शोज देखो।
- मन ही मन वैसी बातें या कोई इंसिडेंट याद करो, जिससे तुम्हें हंसी आए। इससे तुम्हारे चेहरे पर अपने-आप ही मुस्कुराहट आ जाएगी।
- तुमने पार्क में एक-साथ कई सारे लोगों को जोर-जोर से ठहाके लगाते हुए जरूर देखा होगा! ऐसे ही तुम भी अपने दोस्तों के साथ मिलकर अपना 'किड्स लाफ्टर क्लब' बनाकर एकसाथ ठहाके लगा सकते हो।

रोचक जानकारी / शिवानी छाया

# गम.. च्युइंगगम.. बबलगम



बच्चों, तुमने च्युइंगगम या बबलगम जरूर खाया होगा। च्युइंगगम और बबलगम, है तो एक ही चीज, लेकिन दोनों में एक अंतर है। बबलगम चबाते हुए हम इसे गुब्बारे की तरह मुंह से फुला सकते हैं लेकिन च्युइंगगम को हम सिर्फ चबा सकते हैं, गुब्बारे की तरह फुला नहीं सकते। बच्चों, तुम सोचते होगे च्युइंगगम और बबलगम की शुरुआत कैसे हुई, हम तुम्हें बताते हैं।

**पहले लोग गम चबाते थे:** बच्चों, च्युइंगगम या बबलगम हमेशा से ऐसा नहीं था। शुरुआती दौर में यूनान और तुर्की के लोग खाना खाने के बाद गम (गोंद जैसा चिपचिपा पदार्थ) चबाते थे। यह गम वहां उगने वाले मैस्टिक नामक पेड़ से निकाला जाता था। इसी तरह अमेरिका में भी लोग स्पॉडिला नामक पेड़ से गम निकालकर चबाते थे। चूंकि इस गम को लोग चबाते थे, इसलिए इसे 'चबाया जाने वाला गम' यानी 'च्युइंग-गम' भी कहा जाता था। आज भी इसे च्युइंगगम कहते हैं।

**मार्केट में कैसे आया च्युइंगगम:** च्युइंगगम के प्रति लोगों की दीवानगी देखते हुए सन 1848 में अमेरिका के जॉन बी. कर्टिस ने इसे टेस्टी और आकर्षक बनाने के लिए गम में मोम मिलाकर उबाला, फिर इसे ठंडा करके अलग-अलग शेप्स में काटकर, कलरफुल कागज में पैक किया। पैकिंग के हिसाब से उसने च्युइंगगम को 'शुगर क्रीम', 'व्हाइट माउंटेन' जैसे नामों से बेचना शुरू किया। कर्टिस का यह आइडिया काफी सफल रहा।

**टेस्ट और फ्लेवर वाला च्युइंगगम:** अब तक बनाए और बेचे जा रहे च्युइंगगम में कोई टेस्ट नहीं होता था। सन 1871 से 1880 के बीच थॉमस एडम्स ने अलग-अलग टेस्ट और फ्लेवर वाले 'ब्लैक जैक' नामक च्युइंगगम लांच किए। इस च्युइंगगम को लोगों ने खूब पसंद किया।

**फुलाया जाने वाला बबलगम:** 1906 में फ्रैंक एच. फ्लेयर ने एक ऐसा प्रोडक्ट बनाया, जिसे च्युइंगगम की तरह चबाने के साथ-साथ बैलून की तरह फुलाया भी जा सकता था। फ्लेयर ने इसे 'फ्लीसर बबलगम' और 'ब्लिबर ब्लबर' के नाम से बाजार में उतारा। इसमें सबसे बड़ी कमी यह थी कि कुछ देर चबाने के बाद यह बहुत ज्यादा चिपचिपा हो जाता था। इसलिए यह लोगों को ज्यादा पसंद नहीं आया।

आगे चलकर 1928 में फ्लेयर की ही कंपनी में काम करने वाले वाल्टर ई. डायमर ने ऐसा बबलगम बनाया, जो पहले की तुलना में कम चिपचिपा था। इसे देर तक चबाया जा सकता था, साथ ही बैलून की तरह फुलाया भी जा सकता था। कंपनी ने इसे 'डबल बबल' नाम से बाजार में उतारा। इसे लोगों ने खूब पसंद किया। इसके बाद इसकी क्वालिटी में निरंतर चेंज किए जाते रहे। अब तो अलग-अलग कलर, शेप, टेस्ट, फ्लेवर के च्युइंगगम और बबलगम मार्केट में मिलते हैं। *

कविता / शिवचरण चौहान

# मेंढक को जुकाम

कहा मेंढकी से मेंढक ने
मुझको हुआ जुकाम।
चाय पिला दो अदरक वाली
जिससे हो आराम।।
मौसम बदल रहा है इससे
आया मुझे बुखार।
सहला दो तुम माथा मेरा
कर दो थोड़ा प्यार।।
बोली तुरंत मेंढकी अब



तुम चलो डॉक्टर पास।
तुमको तेज बुखार हुआ है
रहे जोर से खांस।।
चार गोलियां काली, पीली
और लगा इंजेक्शन।
कहा डॉक्टर ने मेंढक से
तुमको है इंफेक्शन।।
नदियों, नालों, तालाबों में
खूब लगाते गोते।
होता तभी जुकाम जोर का
पड़े-पड़े तुम रोते।।
बता रहा परहेज एक मैं
है जुकाम का तोड़।
अब से तुम पानी में जाना
बिल्कुल ही दो छोड़।।

## जीके क्विज- 102



1.भारत के नए नौसेना प्रमुख कौन बने हैं?
2.भारत के किस एयर पोर्ट को दुनिया के टॉप-टेन बिजी एयर पोर्ट्स में शामिल किया गया है?
3.पिछले दिनों माउंट रुआंग ज्वालामुखी में भयंकर विस्फोट हुआ था। यह ज्वालामुखी किस देश में स्थित है?
4.सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है?
5.रात में दिखाई पड़ने वाला सबसे चमकीला तारा कौन-सा है?
6.स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री कौन थे?
7.जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में कौन-सा स्थान है?
8. व्हाइट गोल्ड किसे कहा जाता है?
9. माउंट एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला कौन थीं?
10.'इंडिका' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?

बच्चों, जीके क्विज-102 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-101 का उत्तर :** 1.विराट कोहली, 2.डी. गुकेश, 3.1 मई, 4.हॉकिंस, 5.महात्मा गांधी, 6.एम. एस. स्वामिनाथन, 7.रोएंटजन, 8.सच्चिदानंद सिन्हा, 9. स्वामी दयानंद सरस्वती, 10.हमिंग बर्ड

**जीके क्विज-101 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, नेहा-ईमेल से, गोपाल-ईमेल से, शिवकुमार मधुकर-बिलासपुर, सरबजीत-करनाल, बी.आकांक्षा-अहमदाबाद, ईशान-अहमदाबाद, दीप्ती-कोरबा, हर्ष-भोपाल, रवि-जबलपुर

## हंसगुल्ले



**टीचर:** तुमने होमवर्क क्यों नहीं किया?
**मोहित:** सर, जब मैं होम वर्क करने बैठा तो लाइट चली गई।
**टीचर:** तो लाइट आने के बाद तुमने होम वर्क क्यों नहीं किया?
**मोहित:** सर, मुझे लगा कि मेरी वजह से कहीं फिर से लाइट न चली जाए। **-अभिजीत, दुर्ग**

**तन्मय** : क्या तुम चीनी भाषा पढ़ सकते हो?
**तेजस:** हां, अगर वो हिंदी या अंग्रेजी में लिखी हो तो पढ़ लूंगा। **-सोनिया, जींद**

**नव्या:** विदेश में पंद्रह साल के बच्चे अपने पैरों पे खड़े हो जाते हैं।
**नैंसी:** हमारे देश में तो दो-तीन साल का बच्चा खड़ा होने के साथ-साथ दौड़ने भी लगता है। **-मोहन, भोपाल**

हास्य कथा
समीर गांगुली

वह दही-फल बेचने वाला अपने आप में अजूबा था। उसकी बातें, उसके दही-फल जैसी चटपटी थीं। बच्चे उसकी बातें सुनकर 'हो-हो' करके हंसते। एक दिन बड़ी अजब-सी बात हुई। एक पुलिस वाले ने भी उसके दही-फल का स्वाद चखा। इसके बाद लोगों ने जो देखा-सुना, सब दंग रह गए!

# दहीवाला.. पुलिसवाला..



भरी-दोपहरी में कॉलोनी में एक आवाज गूंजी, 'दहीवाला...ले लो दही-फल...फल-दही...आ गया दहीवाला!' साथ ही साथ कॉलोनी के दो मंजिले घरों की पहली मंजिल और दूसरी मंजिल के दरवाजे-खिड़कियां खुल गईं। उनसे कई बच्चों के चेहरे बाहर झांकने लगे।

दहीवाला। साईकिल पर बड़ी-सी परात में रखे दो हंडे। मिट्टी के इन हंडों का मुंह लाल कपड़े से बंधा। एक हंडे में दही और दूसरे में केला, अनानास, अंगूर, आम, अमरूद, लीची रखा होता। साथ में चीनी,नमक, मिर्च और अमचूर के डिब्बे। लंबा दुबला दहीवाला। वह रंग-बिरंगा, बड़ी-बड़ी दो जेबों वाला कुर्ता पहनता, उसके नीचे सफेद धोती और सबसे नीचे रबर के काले जूते पहनता, जो चलने पर पक्क-पक्क की आवाज करते थे।

दहीवाले के माथे पर एक बड़ा-सा गूमढ़ था, जिसे दिखाकर वह बच्चों से कहता, 'देखना, यहां से एक दिन लंबा-सा सींग निकलेगा।'

छोटकी मालती भी बालकनी पर आ जाती और दहीवाले के साथ सबकी बातें सुनती। उसकी मां कहती, 'ये दहीवाला बहुत झूठ बोलता है।' पापा कहते, 'दहीवाला बहुत मजाकिया है।'

दहीवाले से जब नाम पूछो, तो वो हर बार नया नाम बताता। इतने निराले नाम बताता कि बच्चे हंसते-हंसते लोट-पोट हो जाते। कभी बिच्छू पांडे, कभी गाय प्रसाद, कभी भिंडी भाई, कभी कंकरी कालू करताली नाम बताता। लेकिन उसकी फल-दही या दही-फल का कोई जवाब नहीं था। बच्चे उसकी आवाज सुनकर दौड़कर आ जाते और पूछते, 'दहीवाले, दहीवाले इस हंडे में क्या है.. और उस हंडे में क्या है?'

दहीवाला अपनी आंखों को चार-बार गोल-गोल घुमाता और बोलता, 'इसमें है काली, मटियाली गाय का सफेद ताजा दही और इस हंडे में हरे पेड़ हनुमान प्रसाद के मीठे अमरूद। नीले पेड़ चुन्नी लाल के नीले-काले शहतूत।'

बच्चे 'हो-हो' हंस देते। फिर दहीवाला अपने थैले से पत्ते के दोने निकालता। उन्हें एक थाली पर सजाता। इसके बाद एक हंडा खोलता, उसमें से कोई ताजा फल निकालता। जेब से चाकू निकालता, उन्हें काटता, दोने में लगाता फिर दूसरा हंडा खोलता, उसमें से लकड़ी के चम्मच से दही निकालकर दोने में लेता। ऊपर से नमक, चीनी, मिर्च और अमचूर मिलाता। उसके बाद एक छोटे चम्मच से अपना 'अंतर-मंतर गड़बड़ मंतर' पढ़ते हुए सबको मिलाता। फिर 'हो-हो' करके हंसता और सारे बच्चों को एक-एक दोना पकड़ा देता। उसे खाकर बच्चे एक साथ मिलकर दोहराते, 'आ गई मस्ती, भाग गई सुस्ती।'

दहीवाला खुश हो जाता। तब बच्चे पैसे निकालते, दहीवाले को पकड़ाते और उसे 'कल फिर आना' कहकर अपने घरों में लौट आते।

एक दिन भरी दोपहर में। इधर दहीवाले ने आवाज लगाई। उधर एक फटफटिया फट-फट करती कॉलोनी में आई। दहीवाले के पास आकर फटफटिया वाले ने अपना हेलमेट उतारा। अंदर से एक बड़ी-बड़ी घुंघरैली मूंछों वाला पुलिसवाला निकला। दरवाजे और खिड़कियों से झांकते बच्चों की सांसें थम गईं। पुलिसवाला फटफटिया से उतरा, एक बैग से बड़ा-सा कटोरा निकाला और उसे दहीवाले को पकड़ाया।

दहीवाले ने हंडे से केला निकाला, उसे छोटा-छोटा काट कर कटोरे में भरा, फिर एक आम निकाला उसे भी काट-काट कर कटोरे में डाला। पुलिसवाला बोला, 'और डालो।'

दहीवाले ने फिर ऊपर से अंगूर डाले।

पुलिसवाला बोला, 'थोड़ा और।'

दहीवाले ने हंडे से अनानास भी निकाला और उसे उस बड़े कटोरे में डाला। फिर दूसरा हंडा खोला और उससे छह चम्मच दही डाला। पुलिसवाला बोला, 'और डालो।'

दहीवाले ने चार चम्मच और डाला, फिर उसमें नमक, चीनी, मिर्च और अमचूर मिलाया। अपना मंतर गुनगुनाया और पुलिस वाले को पकड़ाया। पुलिस वाले ने भी भुक्कड़ की तरह गड़प-गड़प खाया। फिर उसने पूछा, 'कितने पैसे?'

दहीवाला बोला, 'वैसे तो हुए सौ रुपए, मगर आप जो मन हो दे दो...।'

पुलिसवाले ने बटुआ निकाला, उसमें से सौ-सौ के दो नोट निकाले, दहीवाले को देते हुए बोला, 'ये लो दो सौ रुपए।' इसके बाद पुलिस वाले ने अपना हेलमेट पहना, अपना कटोरा वापस लिया और चलने लगा। एकाएक उसे कुछ ख्याल आया, वह रुका। अपना बैग खोला। उसमें से एक नया गमछा निकाला और दहीवाले को पकड़ा दिया। बोला, 'रखो इसे। बहुत गर्मी है, पसीना पोंछते रहना।'

दहीवाला पुलिस वाले से गमछा लेते हुए हाथ जोड़कर बोला, 'कल फिर आना, दरोगा भैय्या।'

पुलिसवाला फटफटिया चलाते हुए चला गया। बच्चों ने इसे देखा, उनके माता-पिता ने भी देखा। सब दंग थे, पुलिस वाले का व्यवहार देखकर, इतना अच्छा पुलिस वाला..! सब मन ही मन सोच रहे थे, सब दहीवाले का कमाल है! *

## रंग भरो-149

**रंग भरो-149** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




तनिष्क, रायपुर


सौम्या, बालोद


समृद्धि, शहडोल


सुयश, बिलासपुर


सत्यम, रायपुर


विशु, रोहतक

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भारती-भिवानी, भूमिका-बालोदा बाजार, पलक-अटेली मंडी, प्रभास-बिलासपुर, सौम्या-दुर्ग, पलक-धमतरी, विशाखा-रायपुर, आकांक्षा-दुर्ग, पाखी-बालोद, प्रत्यूष-अंबिकापुर, मोनिका-बिलासपुर, शिवा-हिसार, कल्पना-भोपाल, आदित्य-दिल्ली

## रंग भरो 150




बच्चों, दिए गए चित्र में राजू और पिंकी खूब खिलखिलाकर हंस रहे हैं। इस प्यारी-सी तस्वीर को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक- फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## रास्ता खोजो

बच्चों, हर्ष को अपने लाफ्टर क्लब के दोस्तों के पास पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता वह भूल गया है। सही रास्ता खोजकर हर्ष को उसके दोस्तों तक पहुंचने में जरा मदद तो करो।



## खबर संक्षेप

### जाखल में हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जाखल क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस गश्त के दौरान जाखल से गांव नडैल की तरफ जा रही थी। रास्ते में उन्हें गांव नडैल की तरफ से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया। उक्त युवक गाड़ी में पुलिस कर्मचारियों को देखकर घबरा गया और वापस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने युवक को काबू कर उससे पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम अजय यादव निवासी सोहनापुर, जिला अररिया, बिहार हाल आबाद नजदीक गऊशाला, जाखल बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 2.40 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### टोहाना में मकान से हजारों का सामान चोरी

**फतेहाबाद।** टोहाना में चोरों ने एक मकान में घुसकर हजारों का सामान चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नं. 13 टोहाना निवासी महिला संतोष ने कहा है कि बीमार होने के कारण 29 अप्रैल को वह सरकारी अस्पताल में भर्ती थी। पीछे से अज्ञात चोर दीवार फांदकर उसके मकान में घुस गया और वहां से एक एलसीडी, कपड़े, चांदी की अंगूठी व नकदी सहित अन्य सामान चोरी कर ले गया। जब वह अस्पताल से घर आई तो उसे चोरी का पता चला।

### परशुराम जयंती को लेकर बैठक ली

**हिसार।** जिले के गांव बनभौरी में स्थित मां बनभौरी मंदिर के अंतरराष्ट्रीय वैदिक पीठ संस्थापक सुरेंद्र कौशिक ने 5 मई को बड़े हर्षोल्लास के साथ करनाल में मनाई जा रही भगवान परशुराम जयंती लेकर मंदिर परिसर में धाम से जुड़े कार्यकर्ताओं की बैठक ली और उन्हें जयंती का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर धाम के मुख्य पुजारी सतबीर कौशिक, श्याम लाल कौशिक, रामनिवास कौशिक, शिव कुमार कौशिक, राजेश कौशिक, सुरेश कौशिक, संजय पंडित आदि उपस्थित रहे।

### दिव्यांग केंद्र में नेत्र ऑपरेशन शिविर आज

**हिसार।** भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में 3 मई को आंखों के सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन का निशुल्क शिविर आयोजित किया जाएगा। केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि शिविर में जरूरतमंद लोगों की आंखों के ऑपरेशन फ्री किए जाएंगे।

### आर्य स्कूल की ममता ने 484 अंक लेकर रही प्रथम

**नारनौंद।** आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल हैबतपुर का 12वीं कक्षा का परिणाम शानदार रहा। विद्यालय की छात्रा ममता ने 500 में से 484 अंक लेकर प्रथम, खुशी ने 471 अंक लेकर द्वितीय व ज्योति ने 468 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुल 32 छात्रों में से 23 ने बोर्ड मेरिट प्राप्त की। स्कूल में टॉप 10 में रहने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय प्रधानाचार्य वजीर सिंह व प्रबंधक सतपाल आर्य ने अध्यापकों व अभिभावकों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### केंटर में 137 सरसों की बोरियों में बारीक कंकर और गुणवत्ता बेहद खराब मिली

# मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम ने हैफड न्यू कंपलेक्स उकलाना रोड पर मारा छापा

**अधिकारियों ने सरसों के बैग 30 अप्रैल को ही रिजेक्ट कर दिए थे,मगर टोकन रद्द नहीं होने की वजह से आढ़ती ने 2 मई को पुन: उपरोक्त बैग गोदाम में भेजे, अब आढ़ती का लाइसेंस बर्खास्त करने की सिफारिश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

सरसों अनाज की बोरियों में मिलावट मामले को लेकर मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने वीरवार को हैफड न्यू कंपलेक्स उकलाना रोड पर छापा मारा। जहां पर एक टाटा 407 केंटर में 137 सरसों अनाज से भरे हुए बैग मिले। जिनमें सरसों की गुणवत्ता बेहद खराब और कंकर मिलावट जैसी पाई गई। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम के सब इंस्पेक्टर बजरंग व एएसआई राकेश कुमार ने सरसों अनाज में मिलावट को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया। सीएम फ्लाइंग की कार्रवाई के बाद हैफड खरीद एजेंसी के अधिकारियों व गलत धंधा करने वाले कुछेक हैंडलिंग एजेंटों में खलबली मच गई। मामले की सूचना मिलते ही मार्केटिंग बोर्ड के जोनल अधिकारी राहुल मित्तल,डीएमईओ अभिनव वालिया, अस्सिटेंट सेक्रेट्री भारत शर्मा, डिप्टी सुपरिटेंडेंट सुभाष वर्मा, हैफड डीएम राजेश कुमार हुड्डा, हैफड सहकारी समिति प्रबंधक भूना संदीप दहिया व मार्केट कमेटी के सचिव ईश्वर सिंह ढाका दलबल सहित मौके पर पहुंचे। मार्केटिंग बोर्ड के जोनल अधिकारी राहुल मित्तल ने सरसों मिलावट में सम्मिलित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की आदेश दिए।हैफड डीएम राजेश हुडा ने टाटा 407 केंटर में भरे हुए सरसों अनाज के बैग में से चार सैंपल लेकर जांच के लिए भेजें।हैफड डीएम हुड्डा ने कहा कि मिलावट खोरी के धंधे में जो भी लोग पाए जाएगें, उनके विरुद्ध सैंपल रिपोर्ट के आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।





भूना। मार्केटिंग बोर्ड के जोनल अधिकारी राहुल मित्तल की मौजूदगी में सरसों की वीडियो ग्राफी करते सीएम फ्लाइंग टीम के सदस्य व हैफड के अधिकारी

#### क्या कहते हैं जोनल अधिकारी

मार्केटिंग बोर्ड के जोनल अधिकारी राहुल मित्तल ने बताया कि सरसों व गेहूं खरीद में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि सरसों के बैग में गंदगी और कंकर जैसे होना बहुत ही चिंता का विषय है। मिलावटी सरसों के सैंपल लिए गए हैं और जो भी इसमें दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

#### आढ़ती की लापरवाही से बदनामी का टिकरा हमारे सिर फूटा

हैफड सहकारी समिति के प्रबंधक संदीप दहिया ने बताया अनाज मंडी की दुकान नंबर 50ए की फर्म सतपाल सिंह अमित कुमार के माध्यम से 30 अप्रैल को किसान की सरसों ढेरी देखी थी और उसे साफ- सुथरा करके बोरियों में भरने के निर्देश दिए थे। सरसों की खरीद होने के बाद गेट पास टोकन दे दिया गया। लेकिन जब बोरियां भरी गई तो हैफड व मार्केट कमेटी के अधिकारियों ने सरसों की जांच की थी जो सफाई नहीं की गई थी, इसलिए उसे रिजेक्ट कर दिया गया था। परंतु ऑनलाइन गेट पास टोकन को रद्द नहीं किया जा सकता था। अगर ऑनलाइन टोकन को रद्द करते तो उपरोक्त किसान की सरसों फसल साफ-सुथरी होने के बाद दोबारा नहीं खरीद सकते थे। परंतु आरती ने उपरोक्त टोकन का फायदा उठाकर वीरवार को सरसों अनाज के 137 बैग हैफड न्यू कंपलेक्स में भेज दिए। मगर गोदाम इंचार्ज नफे सिंह ने केंटर से कोई भी बैग नीचे नहीं उतरा और अधिकारियों से फोन पर बात करने लगा तो इतनी ही देर में मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम पहुंच गई। जिन्होंने गाड़ी में भरे हुए सरसों के बैग खोलकर देखे तो बिना झराई की हुई सरसों मिली और छोटे कंकर भी मिलावट में नजर आए। हैफड सहकारी समिति के प्रबंधक संदीप दहिया ने कहा कि उन्होंने सरसों के बैग 30 अप्रैल को ही लेने से मना कर दिए थे। मगर टोकन रद्द नहीं होने की वजह से आढ़ती ने 2 मई को पुनः उपरोक्त बैग हैफड न्यू कंपलेक्स गोदाम में भेज दिए।

# शिक्षक स्कूली व्यवस्थाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा

- छात्र-अध्यापकों ने स्कूली छात्र-छात्राओं को पढ़ाकर शिक्षण के गुर सीखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जेसीडी शिक्षण महाविद्यालय सिरसा में इस वर्ष भी बी.एड. सामान्य के छात्र अध्यापकों का विभिन्न विद्यालयों गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिरसा, द सिरसा स्कूल सिरसा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, वैदवाला व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिकंदरपुर में प्रशिक्षण समापन हुआ। इसमें छात्र-अध्यापकों ने स्कूली छात्र-छात्राओं को पढ़ाकर शिक्षण के गुर सीखे।

इस मौके पर स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ-साथ छात्र-अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने भी अपनी रंगारंग प्रस्तुति दी। इस मौके पर जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा ने अपने अनुभव को सांझा करते हुए कहा कि शिक्षक स्कूली व्यवस्थाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है अतः इस बदलते हुए शैक्षिक परिदृश्य में यह आवश्यक हो जाता है कि एक शिक्षक इस समय को आत्मसात कर शिक्षण व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा बनें। प्राचार्य डॉ. जयप्रकाश ने कहा कि हमारा उद्देश्य हमारे विद्यार्थियों को बेहतर ज्ञान के साथ साथ उन्हें बेहतर सीखने के लिए सदैव प्रयास करते रहते हैं, जिसमें यह शिक्षण अभ्यास भी एक अहम प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से भावी शिक्षकों को शिक्षण के गुर सीखने को मिलते हैं जो आगे चलकर इन्हें काफी लाभ प्रदान करते हैं। इस अवसर पर विजेता स्कूल विद्यार्थियों और छात्र अध्यापकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## चोरी का आरोपी मोबाइल फोन मोबाइल टैब व मोटरसाइकिल सहित

**कालांवाली।** सीआईए कालांवाली पुलिस ने चोरी के आरोपी को चोरी के सामान व बाइक सहित काबू किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि 11 फरवरी 2024 को शिकायतकर्ता गुरप्रीत सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी कालांवाली हाल किरायेदार मंदर सिंह पुत्र सुखदेव सिंह नजदीक संगम पैलेस जंगीर सिंह कॉलोनी कालांवाली की शिकायत पर थाना कालांवाली मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि 9 फरवरी को वह परिवार सहित श्रीगंगानगर गया था। 11 फरवरी को घर वापिस आकर देखा तो ताले टूटे पड़े थे। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी को चैक किया 13-14 हजार की नकदी, एक सोन की चेन, दो सोने की अंगूठी करीब पौने दो तोले, दो चांदी के सिक्के और बच्चों के पढाई वाला टैब मोबाइल चोरी हो गए। सीआईए कालांवाली की एक स्पेशल टीम राजीव कुमार उप-पुलिस अधीक्षक कालांवाली के नेतृत्व मे गठित की गई। सीआईए कालांवाली की पुलिस टीम ने आरोपी संदीप सिह उर्फ रणदीप सिह उर्फ बग्गा पुत्र जग्गा सिह उर्फ जगसीर सिह निवासी गांव तारुआना को चोरीशुदा सामान व बाइक सहित काबू किया है। आरोपी को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड हासिल करके अन्य चोरी की वारदातों बारे गहनता से पूछताछ की जाएगी।

# जीवन में नई उर्जा का संचार करते धार्मिक आयोजन

- राज्यसभा सांसद ने ढाणी गारण पहुंचकर सुनी भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा है कि धार्मिक आयोजन जीवन में सदैव नई उर्जा का संचार करते हैं। ऐसे में हमें जब भी मौका मिले, धार्मिक आयोजनों में शामिल होना चाहिए और अपने को धन्य समझना चाहिए। सुभाष बराला वीरवार को जिले के बरवाला क्षेत्र के गांव ढाणी गारण स्थित महाकालेश्वर धाम व श्री कृष्ण गौशाला में आयोजित श्री भागवत कथा के अवसर पर आए श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कथा का श्रवण किया और कहा कि भागवत कथा सुनने से मनुष्य को पुण्य की प्राप्ति होती है और हमें इस तरह का अवसर पर कभी छोड़ना नहीं चाहिए। धार्मिक आयोजन सदैव जीवन में नई उर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि आज भगवान श्री कृष्ण की भक्तिमयी लीलाओं को श्रवण करने का सौभाग्य मिला है। हमें समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करते रहना चाहिए। भगवान की कथाएं हमें बेहतर जीवन जीने का मार्ग दिखाती है और भावी पीढ़ी को संस्कारित करती है। इस दौरान भाजपा सांसद ने कथा का आनंद लिया और संतों से आशीर्वाद लिया। उनके साथ प्रदेश मंत्री कैप्टन भूपेंद्र, जिला सचिव स्वामी दर्शन गिरी सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



हिसार। कथा के दौरान आशीर्वाद लेते सुभाष बराला। फोटो : हरिभूमि

### बलियाला के सरकारी स्कूल से 16 बैटरियां चोरी

**फतेहाबाद।** गांव बलियाला के सरकारी स्कूल में घुसकर अज्ञात चोर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। इस बारे सदर रतिया पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलियाला के प्रिंसीपल मालू सिंह ने कहा है कि अज्ञात चोर स्कूल की भाषा लैब से बैटरियां चोरी कर ले गए है। उसने बताया कि विद्यालय प्रांगण के पिछले भवन में भाषा लैब स्थापित है जिसमें इन्वर्टर के साथ बैटरियां लगी हुई थी। स्कूल के प्रवक्ता सुरेन्द्र कुमार जब लैब खोलने गए तो उन्होंने पाया कि दरवाजे के साथ खिड़की के सरिये टूटे पड़े थे। जब उन्होंने लैब को खोलकर सामान की जांच की तो पाया कि अज्ञात चोर लैब में घुसकर वहां से 16 बैटरियां चोरी कर ले गए है।

# भाजपा व जजपा प्रत्याशियों का लगातार विरोध

- खरड़ अलीपुर व नियाणा में भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ नारेबाजी
- सिवानी बोलान और कनोह में नैना चौटाला के लिए वोट मांगने आए दिग्विजय का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हिसार लोकसभा क्षेत्र के गांवों में प्रचार के लिए जा रहे भाजपा व जजपा के उम्मीदवारों का विरोध लगातार जारी है। इसी कड़ी में गुरुवार को हिसार जिले में भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह व जजपा नेता दिग्विजय चौटाला का विरोध हुआ वहीं उचाना क्षेत्र में प्रचार के लिए गई जजपा उम्मीदवार नैना चौटाला को विरोध झेलना पड़ा। भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला का जिले के गांव खरड़ अलीपुर व नियाणा में ग्रामीणों ने विरोध किया। नियाणा में महिला ने काले झंडे दिखाकर और खरड़ अलीपुर गांव में किसानों ने नारेबाजी करके विरोध जताया। इसी तरह सरसौद में ग्रामीणों में रणजीत चौटाला से विकास कार्यो का हिसाब मांगा। चुनाव प्रचार की कड़ी में रणजीत चौटाला अपने काफिले के साथ गांव खरड़ अलीपुर में पहुंचे, जहां मौजूद किसानों ने उनका जमकर विरोध किया। इस दौरान रणजीत चौटाला गाड़ी से निकलकर बाहर आए। किसान नेता कुलदीप खरड़ समेत अन्य किसानों ने सवाल किया कि स्वामीनाथन रिपोर्ट लागू क्यों लागू नहीं की गई।





हिसार। भाजपा प्रत्याशी रणजीत चौटाला का विरोध करती महिलाएं व जजपा नेता दिग्विजय चौटाला का विरोध करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि



## चेरिटेबल ट्रस्ट ने जरुरतमंदों को वितरित किया सामान

**हांसी।** मदन लाल पुष्करणा चैरिटेबल ट्रस्ट हांसी लगातार सामाजिक कार्यों में अग्रसर है और समय-समय पर सेवा भाव के साथ समाज में जरूरतमंद लोगों को सहायता करता रहता है। ट्रस्ट के प्रधान महेंद्र पुष्करणा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा काली देवी मंदिर के पास रह रहे झुग्गियों में जरूरतमंद लोगों को कंबल, दरीयां, वस्त्र, तकिया, चादर व फल वितरित किए गए। इस मौके पर प्रधान के अलावा उप प्रधान दुर्गेश पुष्करणा, सचिव केके शर्मा, कोषाध्यक्ष नितिन शर्मा तथा लेखा निरीक्षक वासु शोरी आदि उपस्थित थे।

# बच्चों को ट्रैफिक नियमों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

अतिरिक्त महानिदेशक यातायात एवं हाइवे करनाल तथा पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद के निर्देशानुसार ट्रैफिक एसएचओ हांसी ने बृहस्पतिवार को दा ई-स्कूल में जाकर प्रोजेक्टर पर विडियो क्लिप चलाकर स्कूली बच्चों व स्टाफ को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए इंस्पेक्टर हरिराम ने कहा कि यदि हम सड़क पर चलते समय सुरक्षित रहना चाहते हैं तो हमें ट्रैफिक नियमों की पालना भी करनी होगी। हम सब यातायात नियमों की पालना करते हुए खुद को सुरक्षित रखने के साथ-साथ दूसरों को भी सुरक्षित रख सकते है। वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटना से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें। वाहन चलाते समय वाहन से वाहन की उचित दूरी बनाये रखे व सीट बेल्ट का प्रयोग करें। इस अवसर पर उन्होंने विधार्थियो एवं स्कूल स्टाफ को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया।



हांसी। यातायात नियमों की जानकारी देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## राहगीरों को लूटने की योजना बनाने में शामिल 13वां आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

हांसी पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने राहगीरों को लूटने की योजना बनाने में शामिल 13वें आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जमावड़ी निवासी विशाल के रूप में हुई है। स्पेशल स्टाफ हांसी इन्चार्ज उप निरीक्षक पवन कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने शेखपुरा रोड़ पर बाईपास स्थित पुल के अपने साथियों के साथ मिलकर राहगीरों को लूटने की योजना बनाई थी। लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते इनके मंसूबे पुरे नहीं हो सके तथा पुलिस ने सूचना के आधार पर मौके पर पहुंच 4 आरोपियों को पकड़ लिया था जबकि अन्य अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गए थे। उन्होंने बताया कि उसके बाद इस मामले में हांसी पुलिस ने 12 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं आज 13वें आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया।



हांसी। लूट की योजना बनाने में शामिल आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

## युवक 15350 रुपए की सट्टाराशि सहित काबू

- एंटी नाकोटिक्स सेल प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि सेल सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान शहर के कीर्ति नगर क्षेत्र में मौजूद थी

सिरसा

एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान कीर्ति नगर क्षेत्र से एक युवक को 15250 की सट्टाराशि के साथ काबू किया है।

एंटी नाकोटिक्स सेल प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि सेल सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान शहर के कीर्ति नगर क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को महत्वपूर्ण सूचना मिली कि एक युवक कीर्ति नगर क्षेत्र की गली में सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खाईवाली कर रहा है।

उन्होंने बताया कि सूचना को पाकर पुलिस टीम ने उक्त स्थान पर दबिश देखकर 15250 रुपए की सट्टाराशि तथा सट्टा पर्चा के साथ युवक को काबू कर लिया। आरोपी की पहचान शुभम पुत्र राजकुमार निवासी कीर्ति नगर सिरसा के रूप में हुई है। सेल प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ शहर थाना सिरसा में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

### हनुमान मंदिर, नागोरी गेट में नवाह्नपारायण रामायण पाठ का अंतिम दिन

# रामायण से मिली शिक्षाओं को जीवन में उतारने की जरुरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

सनातन धर्म हनुमान मंदिर, नागोरी गेट के प्रांगण में चल रहे नवाह्नपारायण रामायण पाठ के नवं व अंतिम दिन बजरंग जिंदल व उनके परिवारजनों ने हनुमानजी का पूजन किया। पं. गिरधर गोपाल ओसापा व पं. सुशील ओसापा जोधपुर वालों ने चौपाईयों के संग श्रीराम के अयोध्या पहुंचने पर हुए उनके स्वागत का वर्णन किया। राम के आगमन पर अयोध्या नगरी को भव्य रुप से सजाना, सीता के साथ सिंहासन पर बैठना, मुनि वशिष्ठ द्वारा राम का राज्याभिषेक करना, अयोध्या वासियों द्वारा आनंदोत्सव मनाना, भगवान शिव व अन्य देवताओं आदि द्वारा भगवान राम की स्तुति करना, सुग्रीव, विभीषण आदि को विदा करना, अयोध्या में राम-राज्य की स्थापना करना, चारों ओर खुशी का माहौल होना आदि प्रसंग का वर्णन किया।





हिसार। हनुमान मंदिर ट्रस्ट के प्रधान कैलाश चौधरी पं. गिरधर गोपाल को सम्मानित करते हुए व पाठ पढ़ते सैकड़ों श्रद्धालु।

#### श्रीराम के जीवन से लें प्रेरणा

मंदिर ट्रस्ट के मुख्य पुजारी कृष्ण शरण शर्मा ने भगवान राम को राज तिलक किया और राम राज्यभिषेक का उल्लासपूर्वक उत्सव मनाया गया। वक्ताओं ने कहा कि रामायण हमें जीवन जीने का ढंग सिखाती है। मर्यादा पुरुषोतम श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेते हुए मयार्दा में रहकर जीवन यापन करना चाहिये। श्रीराम ने आदर्श पुत्र, आदर्श पति, आदर्श पिता व आदर्श भ्राता की भूमिका निभाई। हमें रामायण से मिली शिक्षाओं को अपने जीवन में उतार कर स्वयं को धन्य करना चाहिये। उपस्थित श्रद्धालुओं ने 9 दिनों तक चले पाठ का भरपूर आनंद लिया। मंदिर ट्रस्ट के प्रधान कैलाश चौधरी एडवोकेट ने रामायण वक्ता पं. गिरधर गोपाल ओसापा, पं. सुशील ओसापा व उनकी टीम के सदस्यों को स्मृति चिह्न व वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सह संयोजक बृजमेहन डालमिया ने बताया कि रामायण पाठ की समाप्ति आरती के साथ की गई तत्पश्चात प्रशाद वितरित किया गया।

खबर संक्षेप

## पुलिस ने उद्घोषित अपराधी किया काबू

**डबवाली।** डबवाली थाना पुलिस ने वीरवार को एक उद्घोषित को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी रामफल ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान राजकुमार निवासी वार्ड नंबर 04 सगंत मंडी पंजाब के रुप में हुई है। उल्लेखनीय है कि आरोपी राजकुमार अदालत से एनएसीटी एक्ट में पी.ओ. घोषित था।

## 200 लीटर लाहन सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** जिला की एंटी नारकोटिक्स सेल ऐलनाबाद पुलिस ने रानियां के वार्ड नंबर 8 से एक व्यक्ति को 200 लीटर लाहन के साथ काबू किया है। पुलिस पार्टी को सूचना मिली कि वार्ड नंबर 8 रानियां में रहने वाले रूड सिंह ने अपने पास अवैध शराब निकालने के लिए लाहन छुपाया हुआ है। उन्होंने बताया कि इस सूचना को पाकर पुलिस टीम ने मौका पर दबिश देकर आरोपी को 200 लीटर लाहन के साथ काबू कर लिया।

## योग से लोग हो रहे रोगमुक्तः योगी

**सिरसा।** महात्मा बुद्ध योग संस्था द्वारा पिछले करीब दो दशक से निःशुल्क योग करवाया जा रहा है जिसके चलते लोगों को बीमारियों से निजात मिल रही है। संस्था के संस्थापक नरेंद्र योगी ने बताया कि वे पिछले 20 सालों से योग करवा रहे है। वर्तमान में श्री सनातन धर्म मंदिर में योग करवा रहे हैं जिसका लोगों को लाभ मिल रहा है और वे रोग मुक्त हो रहे है।

# जिले में मतदाता जागरूकता अभियान जोरों पर

# भजनों और गीतों से लोगों से मतदान करने का आह्वान

■ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, माजरा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत वीरवार को सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के क्षेत्रीय प्रचार अमले द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, माजरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कलाकारों ने मतदाता जागरूकता गीतों व भजनों के माध्यम से विद्यार्थियों व ग्रामीणों को बढ़ चढ़कर मतदान करने के लिए प्रेरित व जागरूक किया। क्षेत्रीय प्रचार अमले ने विद्यार्थियों व ग्रामीणों को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान करने के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार की जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं तथा विभिन्न प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों के द्वारा लोगों को जागरूक किया रहा है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि जिले के प्रत्येक मतदाता को प्रेरित व जागरूक करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए एक-एक मतदाता तक पहुंच कर उनके वोट की महता और लोकतंत्र के महापर्व के बारे में जानकारी दी जा रही है ताकि चुनाव पर्व देश का गर्व थीम को सही मायनों में चरितार्थ किया जा सके। इस अवसर पर प्रिंसिपल रमेश कुमार, सुमन बाला, मिनाक्षी, मनजीत कौर, रीना, मनजीत कुमारी, उर्मिला, रजनी, सीमा, सुनैना, रितु बाला, मनोज कुमार, विमल, मोनिका बंसल, चरण सिंह, अशोक कुमार, राजेश कुमार, सतबीर सिंह, सुनीता कुमारी, शर्मिला, हनुमान कुमार, तेजपाल, रिपु धीमान आदि मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, माजरा में विद्यार्थियों को लोक गीतों के माध्यम से वोट करने बारे जागरूक करते लोक संपर्क विभाग के कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### घर से मतदान करने की सुविधा के लिए भरकर देना होगा फार्म-12 डी

**फतेहाबाद।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से 40 प्रतिशत या उससे अधिक प्रतिशत रखने वाले दिव्यांग व्यक्ति व 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग को घर से मतदान करने की वैकल्पिक सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए फार्म-12 डी भरकर रिटर्निंग अधिकारी को आवेदन करना होगा। उपायुक्त राहुल नरवाल ने जिला में चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों व सभी बीएलओ को घर-घर जाकर फार्म 12-डी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। फार्म भरने के बाद बीएलओ मतदाताओं के घर से फार्म-12 डी प्राप्त भी करेगा। हालांकि अगर कोई व्यक्ति बूथ पर जाकर मतदान करना चाहता है तो उसे फार्म-12 डी भरकर देने को आवश्यकता नहीं है। उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वहीं अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी अपना वोट डाल सकता है।

# ताइक्वांडो में स्वर्ण पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

स्टेयर्स फाउंडेशन द्वारा नई दिल्ली के इन्दिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में आयोजित नेशनल यूथ गेम्स में किंग्स मार्शल आर्ट अकादमी रतिया के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 3 स्वर्ण व 1 रजत पदक जीतकर हरियाणा का नाम पूरे भारत वर्ष में रोशन किया।

### खिलाड़ी छाए

रत्ताखेड़ा की टीना बिश्नोई, हडोली के अभयजीत पन्नू, गांव खाई से नेहा मुढ़ाई, लाली से वंश मिरोक व कलोठा से बानी धालीवाल ने हरियाणा टीम का प्रतिनिधित्व किया। जूनियर लड़कों के 59 किलो भार वर्ग में अभयजीत पन्नू ने अपने प्रतिद्वंदियों को पराजित करके स्वर्ण पदक, जूनियर लड़कियों के 42 किलो भार वर्ग में टीना बिश्नोई ने स्वर्ण पदक, कैडेट लड़कियों के 29 किलो में नेहा मुढ़ाई ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। सब जूनियर लड़कों के 25 किलो भार वर्ग में वंश मिरोक ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हरियाणा के नाम किया। जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव ताइक्वांडो कोच राजपाल पन्नू ने विजेता खिलाड़ियों की कठिन मेहनत और बुलंद हौंसले की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दी। ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट जसबीर थिंद, एडवोकेट पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट व संघ की चेयरमैन अनीता बराला ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उन्हें क्षेत्र का गौरव बताया।



**रतिया।** ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाड़ी।

## नर्सिंग की छात्राओं ने निष्ठा से काम करने की ली शपथ

**सिरसा।** राजेंद्रा स्कूल ऑफ नर्सिंग में वीरवार को छात्राओं का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि डॉ. अंजनी अग्रवाल थे। नर्सिंग की प्राचार्या कुलविंद्र कौर व उपप्राचार्या मंजू बाला ने नर्सिंग की छात्राओं को शपथ दिलवाई और फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जीवन शैली से अवगत कराया। मुख्यातिथि डॉ. अंजनी अग्रवाल ने छात्राओं से कहा कि विश्व के पहले पांच उच्च श्रेणी के प्रोफेशन में डॉक्टर और नर्सिस का प्रोफेशन सवार्त्तम श्रेणी पर है, इसलिए छात्राएं स्वयं पर गर्व करें। विशेष अतिथि डॉ. भावना अग्रवाल ने कहा कि नर्सिंग छात्राओं को निष्ठा के साथ अपने कार्य क्षेत्र में कार्य करना चाहिए।

# व्यापार मंडल ने डीएसपी के साथ किया मंथन

■ बैठक में आपराधिक घटनाओं को रोकने पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा व्यापार मंडल की एक बैठक जिलाध्यक्ष हीरालाल शर्मा की अध्यक्षता में डीएसपी सुभाष चंद, अधिकारी राजाराम व प्रदीप के साथ हुई। जिसमें चुनाव के समय व्यापारियों से समन्वय बनाए रखने को लेकर बातचीत हुई। बैठक में सभी ने दिनों-दिन बढ़ती लूट खसोट की घटनाएं कैसे रोकी जाएं इस विषय पर अपने -अपने विचार रखे। पुलिस की मुस्तैदी और बढ़ाने पर भी बातचीत हुई। इसमें मुख्यतया आगामी मुख्यमंत्री के बाजारों से होते हुए निकलने वाले रास्ते में भीड़ पर व अतिक्रमण पर नियंत्रण करने पर जोर दिया गया। सभी व्यापारी ने पुलिस प्रशासन का हर तरह साथ देने का भरोसा दिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष हरियाणा व्यापार मंडल हीरालाल शर्मा, कीर्ति गर्ग आढती, रमेश ग्रोवर, वीनू कसेरा, विमल स्वामी के साथ अन्य ट्रेड के सदस्य भी शामिल रहे।



**सिरसा।** डीएसपी सुभाष चंद के साथ बैठक में भाग लेते व्यापारी प्रतिनिधि।

## ईंट-भट्टों पर मतदान के लिए किया जागरूक

**सिरसा।** स्वीप मास्टर ट्रेनर नरेश ग्रोवर ने ईंट-भट्टों पर मजदूरों को मतदान करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मतदान हर पात्र व्यक्ति का अधिकार है और हर मतदाता का यह कर्तव्य है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें तथा अन्य मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने अपील की कि आगामी 25 मई को सभी नागरिक अपने मत का प्रयोग करते हुए मतदान प्रतिशत्ता बढ़ाने में योगदान दें।

## आरोही मॉडल स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत

**चोपटा।** गांव नाथूसरी कलां स्थित आरोही मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूसरी कलां के विद्यार्थियों ने हरियाणा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी शानदार प्रदर्शन किया। इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। 12वीं कक्षा के कुल 37 छात्रों ने परीक्षा दी जिसमें 13 छात्रों ने बोर्ड मैरिट सूची में स्थान प्राप्त किया।

## आग से किसान को हजारों का नुकसान

**फतेहाबाद।** गांव एमपी सौत्र में पूर्व सरपंच द्वारा अपने खेत में गेहूं के भूसे में लगाई गई आग पास के खेत व ढाणी में फैल गई। इससे एक किसान का काफी नुकसान हुआ। पीड़ित किसान ने गांव के पूर्व सरपंच पर रंजिशन आग लगाने और बंदूक होने की बात कहकर उसे जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ताइक्वांडो प्रतियोगिता के आयोजन की अफवाह

**सिरसा।** महाराजा अग्रसेन स्कूल में ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है, ऐसा प्रचार किसी द्वारा किया जा रहा है। इस बारे में स्कूल प्रबंधन को कोई सूचना ही नहीं है। महाराजा अग्रसेन स्कूल ट्रस्ट के प्रधान अनिल गनेरीवाला ने बताया कि हमारे संज्ञान में आया है कि कोई ऐसा प्रचार कर है कि महाराजा अग्रसेन स्कूल में ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। यह प्रचार गलत है। उन्होंने बताया कि हमने किसी को इसकी परमिशन नहीं दी है। जो भी प्रचार कर रहा है वह लोगों के साथ किसी प्रकार का फ्रॉड कर सकता है। इस लिए ऐसे लोगों से सावधान भी रहें। कई लोगों से ये सुनने में आया है कि किसी व्यक्ति द्वारा अग्रसेन स्कूल में ताईक्वांडो प्रतियोगिता के आयोजन की बात कही जा रही है। बता दें कि कुछ ऐसे संगठन या समितियां हैं जो खेलों को बढ़ावा देने के नाम पर लोगों से फ्रॉड भी करते है।

## महिला महाविद्यालय रतिया में परीक्षाओं का शांतिपूर्वक संचालन



**रतिया।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रतिया में परीक्षाओं का शांतिपूर्वक संचालन हुआ। महाविद्यालय में चौधरी विश्वविद्यालय सिरसा द्वारा द्वितीय, चतुर्थ और 6 सेमेस्टर की परीक्षाओं का आयोजन दो सत्र में किया जा रहा है। प्रथम सत्र सुबह साढ़े 9 बजे से साढ़े 12 बजे तक एवं द्वितीय सत्र दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक यह परीक्षाएं हो रही हैं। प्राचार्य प्रेम मेहता ने परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा 1 मई से 5 जून तक महाविद्यालय में बीए, बी कॉम और एम ए हिन्दी का आयोजन किया जा रहा।

# मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

■ नाथूसरी कला का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूसरी कला का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम पिछले सालों की भांति इस बार भी शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की 49 छात्राओं में से 25 छात्राओं ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया जबकि 51 प्रतिशत बच्चों ने मेरिट हासिल की जो की खंड नाथूसरी चोपटा में सबसे 'यादा है। बाकी सभी ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास की। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम रहने पर मेरिट प्राप्त करने वाली छात्राओं को विद्यालय प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें कला संकाय में प्रथम स्थान पर रेखा रानी 467 अंक, द्वितीय स्थान पर ज्योति 463 अंक तथा सानिया ने 459 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान पर मोनिका 443 अंक द्वितीय स्थान पर, अंतिमा 435 अंक और अंजनी 422 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही। मेरिट प्राप्त करने वाली सभी छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्राचार्य सतवीर सिंह ढिढारिया ने कहा कि केवल शिक्षा ही वह साधन है जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपनी हर प्रकार की परिस्थितियों को बदल सकता है समाज में बदलाव के लिए शिक्षित होना अति आवश्यक है। विद्यालय प्रवक्ता दलबीर सिंह ने बताया कि सम्मान समारोह में कक्षा 12वीं में मेरिट प्राप्त करने वाली 25 छात्राओं को विद्यालय प्रशासन और एसएमसी द्वारा सम्मानित किया गया। सरपंच रीटा कासनिया ने शानदार रिजल्ट पर विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों और बच्चों को बधाई दी। इस अवसर पर एसएमसी के प्रधान भूप सिंह कड़वासरा, बद्री कड़वासरा, बृजलाल, कालूराम भडिया, खिराज कसवां, राममूर्ति भडिया, संदीप कुमार, प्रवक्ता राजेश लाखलान, सोहन सिंह, संदीप झोरड़, सतवीर सिंह, लीलाधर बैनीवाल, सुमन, अंकिता, गीता रानी, सरिता चौधरी, रितु, हेमलता, संदीप कुमार व अन्य मौजूद रहे।




**सिरसा।** कक्षा 12वीं में मेरिट प्राप्त करने 25 छात्राओं को सम्मानित करते हुए।

# गीता ज्ञान से मानवता का कल्याण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अखिल भारतीय धर्म सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी दिनेशानंद शास्त्री ने जनता भवन स्थित राम भवन परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन बृहस्पतिवार को श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण एक सिद्धस्त कर्मयोगी थे। उन्होंने लुप्त हुई कर्मयोग विद्या का पुनर्द्धार किया। विश्व को गीता के ज्ञान का अमर संदेश देकर उन्होंने मानवता पर महान उपकार किया। गीता ज्ञान के कर्मयोग की अनूठी कला को मानव अपने जीवन में उतार कर देवता बन सकता है। स्वामी ने कहा कि मनुष्य को आज भगवान की प्राप्ति के लिए जंगलों व पर्वतों पर जाने की आवश्यकता नहीं है। मानव गृहस्थी का पालन करते हुए भी अपनी मंजिल पा सकता है। उन्होंने भगवान राम, कृष्ण और राजा जनक का उदाहरण देते हुए कहा कि इन सभी ने गृहस्थ में रहते हुए भी निर्लेप नारायण रहकर मोक्ष की मंजिल को पा लिया। वैसे ही यदि मानव भी इस भाग-दौड़ की जिंदगी में से थोड़ा सा समय निकालकर भक्ति में लगाए तो वो अपना जीवन संवार सकता है। उन्होंने कहा कि इस संसार में कोई भी अपना नही है, सभी स्वार्थी है। अपना कोई है तो वह भगवान है जो जीव को दुख में याद करने पर संकट की घड़ी से उबारता है। इस अवसर पर वासुदेव, श्री कृष्ण की झांकियां प्रस्तुत की गई।



**सिरसा।** श्रीमद्भागवत कथा पर प्रवचन करते स्वामी दिनेशानंद। फोटो : हरिभूमि

## 5.97 लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवक

**फतेहाबाद।** जिला में अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों पर गेहूं फसल की आवक जोरों पर है। अब तक विभिन्न एजेंसियों द्वारा 597329.95 मीट्रिक टन गेहूं फसल की खरीद की गई है। फूड सप्लाई ने 62968 मीट्रिक टन, हैफेड ने 313011 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 199144 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 22206.95 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है।

उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि इसके साथ ही अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में गेहूं फसल का उठान कार्य भी जारी है। जिला में अब 402493 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया जा चुका है। जो खरीद का 67.38 प्रतिशत है। जल्द उठान और गति पकड़ेगा।

# कालीरावणा पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त

■ सेवानिवृत सब इंस्पेक्टर को थाने में दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

पुलिस थाना परिसर में सेवानिवृत सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार कालीरावणा के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। सब इंस्पेक्टर ने कहा कि सेवाकाल में विभागीय सहकर्मियों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता का बहुत प्यार मिला।इसके लिए वह सबके आभारी है। प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार ने उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि इनका सेवाकाल अनुकरणीय है। थानाध्यक्ष ने कहा कि रमेश कुमार कालीरावणा के कार्यकाल में उतार-चढ़ाव बहुत आए, लेकिन इनके सरल स्वभाव, मृदुभाषिता ही सभी को आकर्षित करता है। पुलिस स्टेशन के सभी पुलिसकर्मी, एसपीओ व होमगार्ड ने उन्हें नोटों की माला पहनाई। थाना अध्यक्ष संदीप कुमार ने पगड़ी पहनाकर व छाता भेंट कर, सम्मानित किया। महिला सब इंस्पेक्टर शिक्षा देवी, सलोचना देवी, सुषमा देवी, सुनीता तथा सुदेश ने स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना की। इस मौके पर सब इंस्पेक्टर पवन कुमार, रविंद्र कुमार, दयाराम, शिक्षा देवी, एएसआई दलबीर सिंह, वीरेंद्र सिंह पिलानिया, रामेश्वर दास, कृष्ण कुमार, रमेश कुमार रामपाल सिंह व अन्य मौजूद रहे।



**भूना।** सेवानिवृत सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार कालीरावणा को विदाई देते कर्मचारी।

## स्वामी दयानंद स्कूल में पेपर रीडिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**रतिया।** स्वामी दयानंद स्कूल में हिंदी भाषा पेपर रीडिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया, इसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया आज के समय में बच्चों पर पढ़ाई का दबाव काफी बढ़ गया है जिससे कुछ जरूरी कार्य जैसे समाचार पत्रों को पढ़ना कहानी की पुस्तकों का पढ़ना सब छोड़ने जा रहे हैं। इसी के तरह बच्चों की जिज्ञासा बढ़ाने के लिए प्रार्थना सभा में प्रतिदिन 10 मिनट की प्रतियोगिता करवाई जाती है जिसमें बच्चों से आज और कल के मुख्य समाचारों के बारे में पूछा जाता है। इसमें बच्चे बढ़-चढ़कर मुख्य समाचार को बताते हैं इससे अभिभावक भी खुश है उनका कहना है कि बच्चे अब घर पर समाचार पत्र पढ़ने और टीवी पर समाचार सुनने में रुचि दिखा रहे हैं।सिपल मोनिका मलिक और डायरेक्टर भूषण बजाज ने भी मार्गदर्शन किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530209, 9315429403, 9253681005

कार्यक्रम | सें जेवियर्स में फ्रेशर पार्टी का आयोजन

# वेयांश और सक्षम मिस्टर फ्रेशर और वर्णिका व ईशानप्रीत बनी मिस फ्रेशर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सेंट जेवियर्स स्कूल में नए अकादमिक सेशन में आए नए बच्चो का स्वागत करने के लिए फ्रेशर पार्टी का धूमधाम से आयोजन किया गया। इस पार्टी का आनंद पुरानें बच्चो ने भी लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती मां व गणेश भगवान के सामने दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एकल नृत्य, समूह नृत्य, गायन, रैंप वॉक, कविताओं, पहेलियों और चुटकलों से सबका मन मोह लिया। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ सभी गतिविधियों में भाग लिया। प्रिंसीपल संदीप सोनी व कार्यक्रम में मौजूद डायरेक्टर व वाइस प्रिंसीपल ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में मिस्टर व मिस फ्रेशर का भी चयन किया गया। कक्षा एलकेजी से कक्षा पांचवी तक में मिस्टर फ्रेशर यूकेजी से वेयांश व कक्षा दूसरी से वर्णिका को मिस फ्रेशर चुना गया। कक्षा छठी से बारहवीं में से सक्षम को मिस्टर फ्रेशर तथा ईशानप्रीत को मिस फ्रेशर चुना गया।



**फतेहाबाद।** सेंट जेवियर्स स्कूल में बच्चों को सम्मानित करते प्रिंसीपल।

# प्रधानमंत्री मोदी ने देश को मजबूत किया : तंवर

**सिरसा।** भाजपा उम्मीदवार अशोक तंवर ने सिरसा विधानसभा क्षेत्र के गांव फूलकां में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश विरोधी ताकतों को अगर जवाब देना है और देश को बचाना है तो मोदी को चुनना है, मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे और आंकडा चार सौ पार भी जाएगा। मोदी सरकार ने सभी का भला किया है, गांवों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई है, 400 पार में सिरसा की भी अहम भूमिका होगी। भाजपा 36 बिरादरी का सम्मान करती है, सिरसा के विकास के लिए जैसे पहले भाजपा को आशीर्वाद दिया था इस बार वहां आशीर्वाद उन्हें देना, भाजपा की जीत से सिरसा मजबूत होगा देश मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में योग्यता के आधार पर बिना पर्ची और खर्ची के नौकरी मिलती है। उन्होंने कहा कि आज देश का मूड मोदी के पक्ष में है, देश में भाजपा के पक्ष में एकतरफा माहौल है।



**सिरसा।** गांव फूलकां में ग्रामीणों को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर।